| |
|---|
| दिनांक 21.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 46/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की बांदा, प्रयागराज तथा गोरखपुर इकाइयों द्वारा अलग-अलग स्थानो पर की गयी ट्रैप की कार्रवाई

मा० मुख्यमंत्री उ0प्र0, **श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध **"जीरो टॉलरेंस"** की नीति तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, **श्री राजीव कृष्ण** के सख्त निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 21.01.2026 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की बांदा, प्रयागराज एवं गोरखपुर इकाइयों द्वारा तीन अलग-अलग स्थानो पर ट्रैप की कार्रवाई की गयी।

**1- भ्रष्टाचार निवारण संगठन बांदा इकाई** द्वारा श्री अजय पाल साहू निवासी ग्राम बदनपुर थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर से करवाये गये कार्य की धनराशि का भुगतान करवाने के एवज में अवैध धनराशि की मांग के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर निरीक्षक श्री राकेश सिंह के नेतृत्व में पटेलनगर शिवशंकर पाल के घर के पास से **ग्राम पंचायत अधिकारी शिवशंकर पाल (ब्लाक सुमेरपुर)** पुत्र संतराम पाल निवासी पटेलनगर थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर को **10 हजार रूपये रिश्वत** लेते हुए गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**2- भ्रष्टाचार निवारण संगठन प्रयागराज इकाई** द्वारा श्री मनीष कुमार निवासी भीम सिंह की गली स्टेशन रोड़ थाना कोतवाली नगर जनपद मिर्जापुर से प्रतिभूति धनराशि वापस दिलाने के एवज में अवैध धनराशि की मांग के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर निरीक्षक राकेश बहादुर सिंह के नेतृत्व में कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धन उ0प्र0 राज्य सडक परिवहन निगम प्रयागराज के स्थापना अनुभाग के सामने गैलरी से **कार्यालय सहायक नीरज कुमार (आर.एम. आफिस उ0प्र0 परिवहन प्रयागराज)** पुत्र विभूति प्रसाद निवासी भंडारी थाना नगरा जनपद बलिया, हालपता 63/28 एफ/3एन बेली कॉलोनी प्रयागराज को **05 हजार रूपये रिश्वत** लेते हुए गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**3- भ्रष्टाचार निवारण संगठन गोरखपुर इकाई** द्वारा श्री शिवकुमार त्रिपाठी निवासी गांधीनगर थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर से जमानत धनराशि (एफडीआर) वापस करवाने के एवज में अवैध धनराशि की मांग के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर निरीक्षक सुबोध कुमार के नेतृत्व में कार्यालय अधीक्षक अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल द्वितीय जनपद गोरखपुर परिसर से **कार्यालय सहायक अभिषेक भारती (कार्यालय अधीक्षक अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल द्वितीय गोरखपुर)** पुत्र स्व0 सुरेन्द्र भारती निवासी मो0 नेहरूनगर, नगर पालिका परिषद थाना कोतवाली जनपद महाराजगंज को **05 हजार रूपये रिश्वत** लेते हुए गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

| |
|---|
| दिनांक 21.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 47/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद संतकीबरनगर/थाना को0खलीलाबाद**

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 21.01.2026 को थाना को0खलीलाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त अरशद बंजारा को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद संतकबीरनगर के विभिन्न थानो में चोरी, सीएस एक्ट आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है, गिरफ्तार अभियुक्त थाना को0खलीलाबाद पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना को0खलीलाबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अरशद निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कठार थाना को0खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।

**कमिश्नरेट आगरा/थाना एकता**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के माल ब्रिकी के 02 लाख रूपये नगद**
- **सफेद धातु के आभूषण**
- **01 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनॉकः 20.01.2026 को थाना एकता पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पंचगई खेड़ा मोड़ के पास से अभियुक्त मोनू को गिरफ़्तार किया गया। गिरफ़्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के माल ब्रिकी के 02 लाख रूपये नगद, सफेद धातु के आभूषण, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना एकता क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना एकता पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपये, आभूषण चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा व जनपद मथुरा के विभिन्न थानों पर चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 19 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना एकता पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– मोनू निवासी नगला मट्टू थाना खंदौली, आगरा हालपता–मितई थाना चन्दपा जनपद हाथरस।

**बरामदगी**

1–चोरी के माल ब्रिकी के 02 लाख रूपये नगद।

2–सफेद धातु के आभूषण।

3–01 मोबाइल फोन आदि।

**जनपद सहारनपुर/थाना गंगोह**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 20.01.2026 को थाना गंगोह पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बुडढाखेड़ा तिराहा के पास से 03 अभियुक्तों 1–आकाश 2–कय्यूम 3–हसनैन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त आकाश के विरूद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानों पर चोरी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 10 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना गंगोह पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आकाश निवासी ग्राम सलारपुरा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर।

2—कय्यूम निवासी ग्राम सलारपुरा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर।

3—हसनैन निवासी ग्राम सिकन्दरपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड।

**बरामदगी**

1—चोरी की 10 मोटर साइकिल।

**जनपद बांदा/थाना अतर्रा**

- **08 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **24 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **03 लाख 02 हजार 300 रूपये नगद अवैध गांजा ब्रिकी व जामा तलाशी के**
- **08 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 20/21.01.2026 की रात्रि थाना अतर्रा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर डाक बंगला कस्बा अतर्रा के पास से 08 अभियुक्तों 1—जयप्रकाश उर्फ छंगा 2—आशीष 3—हरवंश 4—रूद्र 5—बसंत 6—राज 7—आदित्य उर्फ सूरज 8—विनय को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 24 किलोग्राम अवैध गांजा, 03 लाख 02 हजार 300 रूपये नगद अवैध गांजा ब्रिकी व जामा तलाशी के, 08 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—जयप्रकाश उर्फ छंगा निवासी बछेही थाना गिरवां जनपद बांदा।

2—आशीष निवासी अत्रीनगर कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा।

3—हरवंश निवासी ग्राम बाघा थाना बिसंडा जनपद बांदा।

4–रूद्र निवासी बजरंग कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा।

5–बसंत निवासी बाउर बाजार कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा।

6–राज निवासी सोनार गल्ली कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा।

7–आदित्य उर्फ सूरज निवासी ग्राम बाघा थाना बिसंडा जनपद बांदा।

8–विनय निवासी बेकली कुइयां थाना बिसंडा जनपद बांदा।

**बरामदगी**

1–24 किलोग्राम अवैध गांजा।

2–03 लाख 02 हजार 300 रूपये नगद अवैध गांजा ब्रिकी व जामा तलाशी के ।

3–08 मोबाइल फोन।

4–घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन।

5–03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

- **जनपद हरदोई/थाना शाहाबाद (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 35 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद हरदोई पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हरदोई द्वारा थाना शाहाबाद पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34/307 भादवि व 25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त विमलेश को आजीवन कारावास व 35 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद मुजफ्फरनगर/थाना फुगाना (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को कठोर कारावास की सजा व अर्थदण्ड)**

जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा थाना फुगाना पर पंजीकृत अभियोग में अभियुक्त 1–बालेन्दर को धारा 363/343/323 व 376/120बी भादवि सपठित धारा 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत 20 वर्ष के कठोर कारावास व 24 हजार रूपये अर्थदण्ड, अभियुक्त 2–हजारी को धारा 376 भादवि सपठित धारा 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत 20 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड एवं अभियुक्त 3–प्रेम को धारा 363/120बी भादवि के अन्तर्गत 05 वर्ष के कठोर कारावास व 02 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

––––––